# प्रदूषण फैलाने व नियम तोड़ने वाले ईंट भट्टों पर होगी सख्त कार्रवाई : कलेक्टर

**हनुमानगढ़,** (कासं)। जिले में पर्यावरण प्रदूषण की रोकथाम के लिए जिला प्रशासन दृढ़ संकल्पित है। नियमों की अवहेलना करने के साथ प्रदूषण फैलाने वाले ईंट भट्टों पर सख्त कार्रवाई की जायेगी।

इसके लिए राजस्व, खनन विभाग और राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल के अधिकारियों की एक टीम का गठन किया है। यह टीम मौका निरीक्षण कर 15 दिन में विस्तृत रिपोर्ट जिला कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत करेगी। इस संबंध में जिला कलेक्टर कानाराम ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पर्यावरण समिति बैठक में निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी पैरामीटर्स पर ईंट भट्टों की जांच करें। इसमें कौताही नहीं बरतें। हमारे लिए आमजन का बेहतर स्वास्थ्य और प्रदूषण रहित वातावरण सर्वोच्च प्राथमिकता है।




**हनुमानगढ़ कलेक्टर कानाराम ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला पर्यावरण समिति की बैठक को संबोधित किया।**

- **राजस्व, खनन विभाग और राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल के अधिकारियों की एक टीम का गठन किया गया है**
- **यह टीम मौका निरीक्षण कर 15 दिन में विस्तृत रिपोर्ट जिला कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत करेगी**

निरीक्षण में भट्टों पर चिमनी की हाइट, शहरी क्षेत्र में संचालन की स्थिति, नए नियमों के अनुरूप संचालन सहित विभिन्न बिन्दुओं पर जांच की जाए। कानाराम ने बायो मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग घरों से निकलने वाले वेस्ट का नियमानुसार निस्तारण के लिए आमजन को जागरूक करें। नगर परिषद घरों से कचरा एकत्रित करने वाले वाहनों में एक बॉक्स बायो मेडिकल वेस्ट के लिए भी लगाए। लोगों को उसी में वेस्ट डालने के लिए प्रेरित करें। जिला कलेक्टर ने पॉलिथीन इस्तेमाल रोकथाम और कपड़ा व जूट कैरी बैग का उपयोग कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सब्जी मंडियों और अन्य बाजारों में पॉलिथीन उपयोग पर कार्रवाई करें। व्यापार मंडलों, दुकानदारों से वार्ता कर समझाइश की जाए। उन्होंने मानसून में रोपे गए पौधों की देखरेख सुनिश्चित कराने, नष्ट हो चुके पौधों की जगह दूसरे लगाने के लिए उप वन संरक्षक को निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के महाअभियान को आगे बढ़ाना हम सभी की जिम्मेदारी है। इसलिए मानसून के पौधों का सत्यापन कराते हुए सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

कानाराम ने कहा कि पराली जलाने से भी प्रदूषण हो सकता है। इसलिए कृषि पर्यवेक्षक खेतों में जाकर किसानों को जागरूक करें। फिर भी नहीं मानने पर जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाए। उन्होंने बताया कि औद्योगिक रासायनिक अपशिष्ट पदार्थों के प्रबंधन एवं निष्पादन के लिए स्वयं रीको क्षेत्र में जाकर बैठक करेंगे। उप वन संरक्षक सुरेश कुमार आबूसरिया ने गत बैठक के निर्देशों पर अनुपालना रिपोर्ट से अवगत कराया। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राज कंवर, जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र महाप्रबंधक आकाशदीप सिद्धू, रीको क्षेत्रीय प्रबंधक अनूप श्रीवास्तव सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

वहीं राजस्थान कौशल एवं आजीविका विकास निगम द्वारा सुरक्षित और कानूनी प्रवास के लिए जागरूकता शिविर का आयोजन राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में गुरुवार को सुबह 10:30 बजे से किया जायेगा।

## नाटक से दी नशे के नुकसान की जानकारी

**हनुमानगढ़,** (कासं)। जंक्शन स्थित कलेक्ट्रेट के भू-अभिलेखागार में नशा मुक्त भारत मानस अभियान के तहत जिला स्तरीय विषय विशेषज्ञ वार्ता कार्यक्रम हुआ। यहां विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।

वार्ता में विद्यार्थियों ने मंच से भाषण और नाटक के जरिए नशा छोड़ने और छुड़वाने के लिए अपील की। इस दौरान मानस अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने पर शिक्षिका योगिता कौशिक, छात्र प्रेम राजवंशी, छात्रा प्रियंका, छात्रा रूपाली जांगिड़ को प्रशंसा पत्र से सम्मानित किया गया। कलेक्टर कानाराम ने कहा कि विद्यार्थियों का सीपीयू खाली है, इसमें जो भी भरा जायेगा वही फीड होगा। बच्चों को हम जैसा दिखाएंगे, वैसा ही बनेंगे। इसलिए अभिभावक नशे जैसी बुराईयों को छोड़ें। बच्चों का उज्ज्वल भविष्य संवारें।

नशा करने वाले माता-पिता का सहारा भी नहीं बन सकते हैं। 9वीं की छात्रा पारूल जांगिड़ ने बताया कि टेरेरिज्म से अधिक खतरनाक नार्को टेरेरिज्म है। नशा देश को अंदर से खोखला करता जा रहा है। परीक्षा में कम अंक आने, परिवार में झगड़े की वजह से युवा नशा सीख रहे हैं। नशे की आखिरी मंजिल मौत ही है। इस दौरान बड़ी संख्या में विद्यार्थी, शिक्षक और अभिभावक मौजूद थे। कलेक्टर ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को जागरूक करना है।

# युवती व युवक बुजुर्ग महिला के जेवर लेकर फरार

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। श्रीगंगानगर शहर में एक बुजुर्ग महिला के पहने हुए गहनों की अजीबो गरीब तरीके से चोरी का मामला सामने आया है। चोरी किए गए गहनों का वजन साढ़े चार तोला व करीब साढ़े तीन लाख रूपए कीमत के बताए गए हैं।

- **एक लड़की ने बुजुर्ग महिला को दो दिन से भूखा होने तथा बीकानेर जाने को रास्ता तथा रूपए की मदद मांगी**
- **उस लड़की के पीछे महिला चली गई व एक युवक भी आ गया, दोनों सोने के जेवर उतार ले गए**

पीडिता के साथ यह वारदात 19 अक्टूबर की शाम को एसएसबी रोड पर हुई। पीडिता के बेटे की ओर से जवाहर नगर थाने में अज्ञात युवक और युवती के खिलाफ बीएनएस की धारा 304(2) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। मीरा चौक चौकी प्रभारी एसआई राजकुमार मजौका को मामले की जांच सौंपी गई है।

पीडित तीन ई छोटी शिवनगर की गली नंबर चार निवासी नरेश सोनी ने पुलिस को दिए परिवाद में घटना बताई है। उसके अनुसार उसकी बुजुर्ग मां सरस्वती देवी 19 अक्टूबर की शाम को करीब पांच बजे घर से फ्रेंडस विहार स्थित प्लॉट में पशुओं को चारा आदि देने को रवाना हुई। जैसे ही वह बालाजी स्वीट हाउस व शिवा क्लिनिक के निकट पहुंची तो एक अज्ञात लड़की ने परिवादी की मां को रोक लिया। लड़की ने परिवादी की मां को दो दिन से भूखा होने तथा बीकानेर जाने को रास्ता तथा रूपए की मदद मांगी। इस दौरान उस लड़की ने न जाने क्या किया कि परिवादी की मां उस लड़की के पीछे-पीछे चलते हुए गली नंबर दो से पांच की लिंक रोड पर चली गई। इस दौरान उस लड़की के साथ कुछ कदम चलने के बाद एक लड़का भी साथ आ गया।

इन दोनों ने परिवादी की मां के कानों में पहने सोने के झुमके, हाथ की अंगुली में पहनी सोने की अंगूठी और गले में पहनी सोने की चैन ले ली। इसके बाद परिवादी की मां को आरोपी युवक युवती ने वापस गली नंबर दो के पास छोड़ दिया। परिवादी की मां वहां से फ्रेंड्स विहार स्थित प्लाट पर आकर पशुओं को चारा देने लगी तो पता चला की उसके जेवर अंगूठी, चैन व झुमके नहीं हैं। इसके बाद परिवादी की मां वापस घर पहुंची और अपनी पुत्रवधू को घटनाक्रम के बारे में बताया। फिर पीडित को फोन कर सूचना दी गई।

मीरा चौक चौकी प्रभारी एसआई राजकुमार मजौका ने घटनास्थल का मौका निरीक्षण किया। बुजुर्ग महिला के घर जाकर बयान दर्ज किए और घटनाक्रम की जानकारी ली। इसके बाद घटनास्थल रूट के आसपास के निजी संस्थानों में लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगालकर फुटेज जुटा लिए हैं। फुटेज में एक युवती साड़ी बांधे मैले कुचैले कपड़ों में पीडिता को साथ लेकर एकांत में जाते दिख रही है। एक युवक जिंस-शर्ट में सिर पर साफा बांधे है।

## नशा छोड़ने वालों का उपचार

**हनुमानगढ़,**(कासं)। मानस अभियान के तहत ब्लॉक नोहर की पीएचसी दीपलाना एवं पीलीबंगा ब्लॉक की पीएचसी खोथांवाली में चिकित्सा शिविर लगाये गए। इसमें चयनित रोगियों की काउंसलिंग की एवं उनका उपचार शुरू किया।

अभियान के तहत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा नशा कर रहे लोगों की काउंसलिंग एवं उपचार कर उन्हें नशे से दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। शिविर में 17 रोगियों को बुलाया गया और काउंसलिंग कर उनसे विचार साझा किए गए। इससे पूर्व रोगियों के माता-पिता एवं अन्य परिजन से बात कर रोगियों की मनोस्थिति जानी गई थी।

खोथांवाली में आयोजित शिविर में डॉ. रिपुदमन द्वारा 9 नशे के रोगियों का उपचार किया गया। जिसमें से 5 नशा छोड़ने के इच्छुक मरीजों की काउंसलिंग कर उपचार शुरु किया गया। जबकि दीपलाना में डॉ. मनोज डूडी द्वारा 5 नशे के मरीजों का उपचार किया गया। जिनमें दो मरीज नशा छोड़ने के इच्छुक हैं, जिनका भी उपचार शुरु कर दिया गया है। सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि सभी मरीजों की नियमित काउंसलिंग की जायेगी ताकि यह लोग दोबारा नशे की तरफ अग्रसर ना हों।

# 68वीं जिला स्तरीय एथलेटिक्स खेलकूद प्रतियोगिता में जीते मेडल

**सादुलपुर,** (निसं)। पीएम श्री राजकीय मोहता बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय की छात्रा खिलाडियों ने 68वीं 17 व 19 वर्षीय छात्रा जिला स्तरीय एथलेटिक्स खेलकूद प्रतियोगिता में खेल प्रभारी शमशेर खान के मार्गदर्शन में जिले में तृतीय स्थान प्राप्त किया है।

- **प्रतियोगिता में 4 स्वर्ण पदक, 1 रजत पदक तथा 2 कांस्य पदक के साथ रचा इतिहास**

मीडिया प्रभारी विमलेश चन्द्र ने सोमवार शाम पांच बजे जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि गोला फेंक में तमन्ना स्वामी, तश्तरी फेंक में प्रियंका तथा 100 मीटर रेस व ऊंची कूद में भारती ने स्वर्ण पदक जीत कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है।

इसी प्रकार अनु खींची ने ऊंची कूद में रजत व सविता ने 400 मीटर रेस में तथा भारती ने 100 मीटर बाधा दौड में कांस्य पदक जीता है।

भारती ने दो स्वर्ण एवं एक कांस्य पदक जीता है। वहीं राजगढ पहुंचने पर प्रधानाचार्य डॉ. सुशीला बलौदा के नेतृत्व में स्टाफ सदस्य ईश्वर सिंह व सुमेर सिंह ने महाराणा प्रताप चौक राजगढ पर खेल प्रभारी शमशेर खान, मोहम्मद तौफीक, सेवानिवृत्त कोच यासीन खां, नवाब खान एवं भंवरी देवी तथा खिलाडियों का स्वागत किया। प्रधानाचार्य डॉ. बलौदा ने विजेता टीम एवम् प्रभारी शमशेर खान को बधाई देकर राज्य स्तर हेतु शुभकामनाएं दी हैं।

उन्होंने आज का पल विद्यालय के लिए ऐतिहासिक पल बताया है। उन्होंने बताया कि विद्यालय की छात्राएं शैक्षणिक क्षेत्र के साथ-साथ खेल में भी अपना परचम लहरा रही हैं।

गौरतलब है कि इस विद्यालय में हाल ही में बोर्ड कक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 42 छात्राओं ने टैबलेट प्राप्त किए हैं जो जिले में सर्वाधिक हैं।

# डिजिटलाइजेशन प्रकिया से मुक्त रखने की मांग

**बीकानेर,** (कासं)। अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ एकीकृत संबद्ध संगठन अराजपत्रित पशुपालन विभागीय समिति के प्रदेश अध्यक्ष कैलाश आचार्य ने निदेशक पशुपालन के विभागीय डिजिटलाइजेशन प्रकिया से ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत नॉन गैजेटेड कर्मचारियों को इससे मुक्त रखने की मांग करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल को ज्ञापन भेजा है।

प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि निदेशक के आदेशों में ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत कर्मचारियों को इस तरह के डिजिटलाइजेशन प्रकिया से काफी समस्या का सामना करना पड़ेगा जिससे पशुपालकों को मिलने वाली सुविधाओं पर भी असर होगा। न तो ग्रामीण स्तर पर काम करने वाला कर्मचारी इस तरह के काम में प्रशिक्षित नहीं है, ओर न ही उनके पास आधुनिक फोन है। पशुपालक ढाणियों में निवास करते हैं जहां पर जाकर पशुओं को देखना पड़ता है।

उनके डिस्पेंसरी नहीं छोड़ने पर संवादहीनता हो जायेगी। इस प्रकार के आदेशों से ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत एल एस ए ओर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को मुक्त रखा जाएं। ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत एल एस ए ओर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को मुक्त रखा जाएं।

## खेल मैदान से खरपतवार हटाई

**नोखा,** (कासं)। मांगीलाल बागड़ी राजकीय महाविद्यालय, नोखा में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम एवं द्वितीय का इस सत्र का एक दिवसीय शिविर आज महाविद्यालय परिसर में आयोजित किया गया।

शिविर का शुभारंभ कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. रणवीर सिंह और राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम के कार्यक्रम अधिकारी विशाल कुमार सगतानी ने किया। उन्होंने नवागन्तुक स्वयंसेवकों को महत्व से अवगत कराया।

कार्यक्रम अधिकारी नरेन्द्र बैरवा ने स्वयंसेवकों को श्रमदान के लिए प्रेरित किया। स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय के खेल मैदान में श्रमदान कर खरपतवार हटाकर सफाई की।

# नोखा के 45 बच्चे प्रतिदिन सीख रहे हैं गीता के श्लोक

**नोखा,** (कासं)। नोखा के श्रीकृष्ण मंदिर में एक निशुल्क क्लास ऐसी भी लगती है जहां के बच्चों को गीता के श्लोक याद करवाएं जाते हैं। इस क्लास में करीब 45 बच्चे प्रतिदिन गीता के श्लोक सीख रहे हैं।

- **इनमें से दस बच्चों को कंठस्थ हैं 700 श्लोक**

श्रीमद्भागवत गीता प्रेरणादायी है। इसके श्लोक हर व्यक्ति को जीवन का ज्ञान, विश्व कल्याण और समभाव का संदेश देते हैं। आधुनिक युग और प्रतिस्पर्धा के माहौल में बच्चे बालपन से ही संस्कारी, तेजयुक्त और अपने कर्म के प्रति जिम्मेदार रहते हुए श्रेष्ठ नागरिक बनें। इसके लिए नोखा स्थित श्रीकृष्ण मंदिर में गीता पाठशाला का संचालन हो रहा है। बच्चों को गीता के श्लोक कंठस्थ करवाए जा रहे हैं। इस सार को कंठस्थ करने वाले नोखा की 10 प्रतिभाओं को वृंदावन में सींथल पीठाधीश्वर क्षमारामजी महाराज ने प्रशस्ति पत्र और 11-11 हजार रुपए का नकद पुरस्कार से सम्मानित किया है। इन बच्चों के नोखा पहुंचने पर सोमवार को नोखा सत्संग समिति की ओर से श्रीकृष्ण मंदिर में श्रीगीता पाठ की पुस्तिका देकर स्वागत अभिनंदन किया है।

जगदीश प्रसाद ने बताया कि नोखा के मुस्कान झंवर, कुंजन तापडिया, आरती बलदेवा, नव्या कोठारी, दुर्गा तोषनीवाल, चुकी पारीक, त्रिलोचना पारीक, चंद्र प्रकाश पारीक, राधिका शर्मा, अनिरुद्ध शर्मा विलक्षण प्रतिभा के धनी है जिन्हें गीता के सभी 18 अध्याय के 700 श्लोक कंठस्थ है। ज्ञात रहे कि 2023 में भी पांच बच्चे वृंदावन में सम्मानित हुए थे।

## सार-समाचार

### लक्ष्मीनारायण रंगा की जयंती मनाई

**बीकानेर,** (कासं)। ख्यातनाम राजस्थानी हिन्दी के साहित्यकार, रंगकर्मी, चिंतक, आलोचक, अनुवादक, सम्पादक एवं शिक्षाविद् कीर्तिशेष लक्ष्मीनारायण रंगा की 93वीं जयंती दो दिवसीय समारोह के रूप में मनाई गई। रंगा की जयंती समारोह के दूसरे दिन आज प्रात: पी.बी.एम. अस्पताल परिसर के कैंसर पीड़ित 150 भाई-बहनों को स्वस्थ एवं सादा भोजन संस्था द्वारा करवाया गया। इस अवसर पर उन्हें स्नेहपूर्वक भोजन करवाने में राजेश रंगा, श्याम सुंदर सोनी, महेन्द्र सोनी, आशीष रंगा, हरिनारायण आचार्य, घनश्याम ओझा सहित सभी गणमान्यों ने अपनी सेवाएं दी। तदोपरान्त रंगा की स्मृति में गाय एवं बछड़ों को गुड़ व हरा चारा खिलाया गया। उसके बाद में 11 फल के पेड़ों का पौधारोपण किया गया। प्रज्ञालय के कमल रंगा ने बताया कि कीर्तिशेष लक्ष्मीनारायण रंगा की 160 प्रकाशित पुस्तकों की प्रदर्शनी का समापन की अध्यक्षता करते हुए डॉ. मदन सैनी ने कहा कि रंगा की 93 वीं जयंती को पुस्तक-संस्कृति एवं पठन प्रवृति को समर्पित होना अपने आपमें एक साहित्यिक महत्वपूर्ण घटना है।, डॉ. सैनी ने आगे कहा कि रंगा की विभिन्न विधाओं की 160 पुस्तकों का प्रकाशन होना और अप्रकाशित साहित्य की प्रदर्शनी एक नवाचार है। कीर्तिशेष रंगा की रचनाएं माध्यमिक शिक्षा बोर्ड एवं विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम में शामिल है एवं रंगा देश एवं प्रदेश की चार अकादमियों से समादृत है। डॉ. सैनी ने रंगा के व्यक्तित्व और कृतित्व पर अपनी बात रखते हुए कहा कि कीर्तिशेष रंगा बहुप्रतिभा सम्पन्न व्यक्तित्व के धनी थे। ऐसी प्रतिभा के नाम से बीकानेर नगर निगम उनके पुश्तैनी निवास स्थान नत्थूसर गेट के बाहर सीधी करमीसर की ओर जाने वाली सड़क का नामकरण उनके नाम से करें तो बीकानेर नगर निगम के लिए यह सौभाग्य की बात होगी।

### शिविर लगाकर खोलें सुकन्या समृद्धि खाता

**सरदारशहर।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व हरियाणा प्रदेश प्रभारी डॉ सतीश पूनिया के जन्म दिवस के उपलक्ष में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने गांधी चौक में शिविर लगाकर 10 साल से छोटी बच्चियों के सुकन्या समृद्धि खाता खुलवाए। इस अवसर पर नगर परिषद सभापति राजकरण चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में सुकन्या समृद्धि खाता एक अहम कड़ी है। प्रधान प्रतिनिधि मधुसूदन राजपुरोहित ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान पर भाजपा कार्यकर्ता लोगों को प्रेरित कर बालिकाओं का भविष्य संभालने के लिए अधिक से अधिक संख्या में यह खाता खुलवा रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी मंडल संयोजक राजेंद्र सोनी ने कहा कि भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व हरियाणा प्रदेश प्रभारी डॉक्टर सतीश पूनिया के जन्म दिवस के उपलक्ष में उनके आव्हान पर पूरे राजस्थान में सुकन्या समृद्धि के खाते खुलवाए जा रहे हैं इसी कड़ी में वर्ष 2022 से सरदारशहर में निरंतर अधिक से अधिक संख्या में खाता खुलवाने के लिए भाजपा कार्यकर्ता लगे हुए हैं। शिविर में इंडियन बैंक द्वारा सुकन्या समृद्धि खाते खोले गए।

### हिंसक जानवर ने बकरी को मारा

**पाटन।** कस्बे के वार्ड नंबर 3 मेहरों के मोहल्ले में रहने वाले हरिप्रसाद मेहरा के घर के पास बंधी हुई बकरी को हिंसक जानवर ने मार डाला एवं एक बकरी को घायल कर दिया। घटना विगत रात्रि की है, जब परिवार के लोग घर में सो रहे थे, तो अचानक बकरी की चीख सुनाई दी। घर वाले बाहर आकर देखते हैं तो एक बकरी तड़फ रही थी दुसरी बकरी के गले के पास खून बह रहा था। हरि मेहरा ने इधर उधर देखा तो एक हिंसक जानवर पहाड़ की तरफ जा रहा था, जो दिखने में बघेरा जैसा लग रहा था। इससे पहले भी हिंसक जानवर ने राम सिंह मेहरा की तीन बकरियों का शिकार किया था। हरि ने यह भी बताया कि पहाड़ पर एक नहीं दो बघेरे थे, जो काफी देर तक पहाड़ में ही खड़े रहे, जिनको लोगों ने पहले भी कई बार देखा है। मोहल्ले वासियों ने बताया की बघेरे की सूचना वन विभाग के कर्मचारियों को पूर्व में दे दी दी गई थी परंतु अभी तक वन विभाग द्वारा कोई कदम नहीं उठाया गया जिसके चलते मोहल्ले में दहशत का माहौल बना हुआ है।

### शैक्षिणक भ्रमण दल रवाना

रतनगढ़, (निसं)। राजकीय महात्मा गाँधी विद्यालय बापूनगर के बालक बालिकाओं का शैक्षिणक भ्रमण दल रवाना हुआ जिसको समाजसेवी वेदप्रकाश पंवार, प्रधानाचार्य रामनिवास बोयल तथा संदर्भ व्यक्ति नंदलाल स्वामी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह दल प्रमुख दर्शनीय स्थलों जीण माता मंदिर, शाकम्भरी माता मंदिर तथा लोहार्गल का भ्रमण कर सांयकाल वापस रतनगढ लौटेगा। विद्यार्थियों के साथ दल प्रभारी के रूप में रामनिवास बोयल,विनोद सोगण मंजुला चाकलान,अनिता, सावित्री, दिनेश शर्मा,अलका शर्मा आदि गये हैं।

### जिला स्तरीय सम्मेलन सीकर में

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी।** अखिल राजस्थान प्रबोधक संघ सीकर जिला महामंत्री शिशपाल गढ़वाल ने बताया कि इस बार जिला स्तरीय सम्मेलन श्री हरदयाल सीनियर सेकेंडरी विद्यालय( बजरंग कांटा) बजाज सर्किल सीकर,जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय (प्राथमिक )सीकर के पास दिनांक 25व 26 अक्टूबर को महासंघ अध्यक्ष राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक भंवर सिंह कि अध्यक्षता में आयोजित किया जाएगा जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व ए डि ओ मांगीलाल शर्मा एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र सिंह नूनिया होंगे । सम्मेलन संयोजक भंवर लाल ने बताया कि उद्घाटन कार्यक्रम प्रात: 10 बजे होगा , सम्मेलन में विधार्थी हितों से संबंधीत शिक्षा नवाचारों पर चर्चा की जाएगी तथा साथ ही प्रबोधको की पुरानी सेवा गणना, सही पदोन्नित ,ग़लत फिक्सेशन के कारण रही वेतन विसंगति दूर करवाने सहित विभिन्न वाजिब मुद्दों पर मंथन के बाद प्रस्ताव भेज कर प्रदेश कार्यकारिणी व सरकार को अवगत करवाया जाएगा ।

### सेठानी जोहड़ा का अवलोकन किया

**चुरू** (कासं.)। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने मंगलवार को जिला मुख्यालय स्थित सेठानी का जोहड़ा का अवलोकन किया और नगरपरिषद के अधिकारियों को समुचित निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जोहड़े के सौन्दर्यकरण पर काम किये जाने की जरूरत है। सेठानी का जोहड़ा जिले की ऐतिहासिक विरासत में खासा महत्व रखता है। इसलिए इसके हैरिटेज लुक को बरकरार रखते हुए अधिक आकर्षक बनाने के लिए प्रयास करें। उन्होंने कहा कि जोहड़ा परिसर में श्रमदान करें और सफाई करें। इसी के साथ रोशनी आदि की व्यवस्थाओं के इंतजाम देखें।

# कलेक्टर ने नशा छोड़ने के लिए भर्ती रोगियों से बातचीत कर लिया फीडबैक

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। जिला कलेक्टर डॉ. मंजू ने मंगलवार को नशा मुक्ति केन्द्र सहित तीन आंगनबाड़ी केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान नशा छोड़ने के लिए भर्ती हुए रोगियों से बातचीत कर फीडबैक लिया गया। आंगनबाड़ी केन्द्र के निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई सहित अन्य अव्यवस्था पर उन्होंने संबंधित को नोटिस देने के निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर ने मंगलवार को तपोवन संस्थान द्वारा संचालित नशा मुक्ति केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान रोगियों ने बताया कि उन्हें किस तरह से नशे की आदत लगी और वे अब नशा छोड़ने के लिए केन्द्र में भर्ती हुए हैं। इस दौरान जिला कलेक्टर ने रसोई सहित अन्य गतिविधियों और संस्थान द्वारा संचालित निराश्रित केन्द्र का भी अवलोकन किया।



**गंगानगर कलेक्टर डॉ. मंजू ने नशा मुक्ति केन्द्र और तीन आंगनबाड़ी केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया।**

- **आंगनबाड़ी केन्द्र के निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई नहीं होने पर संबंधित को नोटिस देने के निर्देश दिए**

इसके बाद जिला कलेक्टर द्वारा नेतेवाला ए, 18 एमएल ए और 19 एमएल ए आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया गया। नेतेवाला केन्द्र पर साफ-सफाई नहीं होने पर नाराजगी जाहिर करते हुए उन्होंने कार्यकर्ता को नोटिस देने के निर्देश दिए। आंगनबाड़ी में बच्चों का वजन और ऊंचाई सही से मापन कर ग्रोथ मॉनिटरिंग दर्ज करने और मनरेगा के सहयोग से न्यूट्री गार्डन विकसित करने के निर्देश दिए गए।

18 एमएल ए और 19 एमएल ए केंद्र पर बच्चों को दिए गए पोषाहार, शक्ति दिवस, पीएमएमवीवाई योजना, उड़ान योजना के तहत वितरित सेनेटरी नैपकिन इत्यादि का निरीक्षण कर जिला कलेक्टर द्वारा ग्रोथ मॉनिटरिंग दर्ज करने के निर्देश दिए गए। पोषण वाटिका को मनरेगा के सहयोग से विकसित करने, समस्त विभागीय योजनाओं और कार्यों को सुचारू रूप से करने, पेयजल की उपलब्धता एवं पोषाहार पकाते समय स्वच्छता का ध्यान रखने के भी निर्देश दिए गए। उन्होंने बच्चों से शाला पूर्व संबद्ध गतिविधियों की जानकारी लेकर पोषण ट्रैकर के जरिए विभागीय गतिविधियों को जांचा। बच्चों के इधर-उधर मैदान में घूमने पर नाराजगी जताई।

# खेलकूद में अनुशासन का बड़ा महत्व : मोडाराम मेघवाल

**नोखा,** (कासं)। पीएम श्री बाबा छोटूनाथ राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित हो रही 68 वीं एथलेटिक्स 17 व 19 वर्षीय छात्रा खेलकूद प्रतियोगिता के समापन समारोह में बीकानेर जिला प्रमुख मोडाराम मेघवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि खेलकूद में अनुशासन का बहुत बड़ा महत्व होता है।

उन्होंने कहा कि प्रति वर्ष प्रत्येक ब्लॉक में 3-ट्रेक व 3-लाईब्रेरी देने का प्रयास जिला परिषद द्वारा किया जायेगा। संयुक्त निदेशक गोविन्द नारायण माली ने बताया कि खेलोगे कूदोगे तो बनोगे नवाब, लिखोगे पढ़ोगे तो बनोगे साहब।

इस प्रकार प्रतियोगिता हमेशा जीवन में प्रेरणा देनी वाली होती है। उप निदेशक कैलाश शर्मा ने खेल को निष्पक्ष व पारदर्शिता के साथ पूर्ण करने के लिए सभी टीमों को धन्यवाद दिया।

नोखा सीबीईओ माया बजाड़ ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है। प्रतियोगिता



**जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता की विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान करते जिला प्रमुख मोडाराम मेघवाल।**

संयोजक व प्रधानाचार्य नारायण दत्त सारस्वत ने प्रतियोगिता में सम्मिलित हुए एथलेटिक्स के खिलाड़ियों, निर्णायकों, कोच, दलपति, टीम प्रभारी, एनएसएस, एनसीसी, स्काउट एवं व्यवस्था में सहयोग करने वाले कार्मिकों व नि:शुल्क भोजन व्यवस्था के लिए स्थानीय भामाशाहों एवं नि:शुल्क आवास उपलब्ध करवाने के लिए गुर्जर गौड़ विकास समिति एवं बिश्नोई धर्मशाला सेवा संस्थान का धन्यवाद व आभार जताया।